2024-25

शिक्षाशास्त्र

कक्षा 12

समय 3 घण्टे। **पूर्णांक 80**

निर्देश:

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 28 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 9 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।

(v) प्रश्न संख्या 10 से 18 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 20 शब्दों में दीजिए।

(vi) प्रश्न संख्या 19 से 25 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए।

(vii) प्रश्न संख्या 26 से 28 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 100 शब्दो में दीजिए।

(viii) इस प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है, तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

1. (क) शिक्षा को समवर्ती सूची में किस वर्ष सम्मिलित किया गया था? 1

(i)1946 में (ii)1956 में

(iii)1966 में (iv) 1976 में

ख) ऐनी बेसेण्ट मूल रूप से किस देश की निवासी थी? 1

(i) भारत (ii) आयरलैण्ड

(iii) अमेरिका (iv) इंग्लैण्ड

ग) पृथ्वी दिवस कब मनाया जाता है- 1

(i) 22 अप्रैल (ii)12 अप्रैल

(iii)12 अप्रैल (iv)18 जून

(घ) एक छात्र ने प्राथमिक शिक्षा पूर्ण करने से पूर्व ही विद्यालय छोड़ दिया, इस समस्या को कहेंगे 1

(i) अवरोधन (ii) अपव्यय

(iii) शैक्षिक स्तर का निम्न होना (iv) इनमें से कोई नहीं

(ड.) किसी सीखी हुई गलत आदत को खत्म करने के लिए प्रयोग किया जायेगा- 1

(i) दण्ड का (ii) पुरस्कार का

(iii) दोनो का (iv) किसी का नहीं

(च) छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने में सहायता का सबसे अच्छा तरीका है- 1

(i) निर्देशन एवं परामर्श (ii) दंड

(iii) कठोर दण्ड (iv) पुरस्कार

(छ) एक बालक की मानसिक आयु 5 वर्ष है और वास्तविक आयु 4 वर्ष है उस बालक की बुद्धि लब्धि होगी- 1

(i)125 (ii)120

(iii) 100 (iv) 130

ज) बालक के मानसिक स्वास्थ्य में उन्नति करने वाला कारक है- 1

(i) अधिक गृहकार्य (ii) निर्धनता

(iii) अन्य गृहकार्य (iv) समान पाठ्यक्रम

2. भारत में आधुनिक शिक्षा / अंग्रेजी शिक्षा का जनक किसे कहा गया है? 1

3. रविन्द्रनाथ टैगोर को 1913 में किस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया था ? 1

4. "नमामि गंगे" कार्यक्रम किससे सम्बन्धित है? 1

5. सामाजिक शिक्षा के किन्ही दो अनौपचारिक साधनों के नाम लिखिए। 1

6. रुचि किस प्रकार का प्रेरक है? 1

7. किन्ही दो मानसिक रोगों के नाम बताइए। 2

8. निर्देशन की एक सरल परिभाषा दीजिए। 2

9. 'परसोना' का शाब्दिक अर्थ बताइए। 2

10. ऐनी बेसेण्ट द्वारा भारत में किए गए प्रमुख कार्य बताइए? 2

11. पर्यावरण संरक्षण के कोई दो उपाय बताइए। 2

12. भारत में जनसंख्या नियंत्रण क्यों आवश्यक है? 2

13. सह-शिक्षा के महत्व को स्पष्ट कीजिए। 2

14. प्रेरणा युक्त व्यवहार के प्रमुख लक्षण बताइए। 2

15. कक्षा में बालकों के अवधान को केन्द्रित करने के मुख्य उपाय बताइए। 2

16. एक मानसिक रूप से अस्वस्थ बालक की शिक्षक किस प्रकार सहायता कर सकता है? 2

17. मंदबुद्धि बालकों की पहचान किस तरह की जा सकती है? 2

18. छात्रों के लिए निर्देशन किस प्रकार सहायक है? 2

19. बौद्ध कालीन शिक्षा प्रणाली के प्रमुख गुणो का उल्लेख कीजिए। 4

20. गांधी जी के शिक्षा दर्शन के आधारभूत सिद्धांतों की व्याख्या कीजिए। 4

21. प्राकृतिक आपदा एवं मानव निर्मित आपदा में उदाहरण के साथ अंतर स्पष्ट कीजिए। 4

22. मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान के प्रमुख उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए। 4

23. शिक्षा में पुरस्कार एवं दंड के महत्व को संक्षेप में बताइए। 4

24. शैक्षिक निर्देशन एवं व्यवसायिक निर्देशन में अंतर स्पष्ट कीजिए। 4

25. उपलब्धि परीक्षण की निबंधात्मक परीक्षा प्रणाली के गुणो का उल्लेख कीजिए। 4

26. राष्ट्रीय शिक्षा आयोग के अध्यक्ष कौन थे? आयोग की प्रमुख सिफारिशें का वर्णन कीजिए। 6

अथवा

वैदिक कालीन शिक्षा प्रणाली का आधुनिक शिक्षा प्रणाली के विकास में क्या योगदान है?

27. भारत में स्त्री शिक्षा की प्रमुख समस्याएं क्या है? इन समस्याओं की दूर करने के सुझाव प्रस्तुत कीजिए। 6

अथवा

हमारे देश में शैक्षिक स्तर के निम्न होने के क्या कारण है?

28. बुद्धि से क्या आशय है? बुद्धि संबंधी सिद्धांतों का उल्लेख कीजिए। 6

अथवा

व्यक्तित्व से क्या आशय है? व्यक्तित्व परीक्षण की सामान्य विधियों का वातावरण प्रस्तुत कीजिए।